प्रीलिम्स फैक्ट्स: 30 मई, 2019

drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-facts-30-05-2019

नाइन डॉट्स प्राइज अवार्ड

हाल ही में भारतीय लेखिका एनी ज़ैदी को वर्ष 2019 के नाइन डॉट्स प्राइज़ (Nine Dots Prize) पुरस्कार के लिये चुना गया है।

- मुंबई में रहने वाली एनी ज़ैदी को यह पुरस्कार उनके निबंध 'ब्रेड, सीमेंट, कैक्टस' (Bread, Cement, Cactus) के लिये दिया जा रहा है।
- अपने निबंध में उन्होंने घर और इससे जुड़ी भावनाओं को बखूबी चित्रित किया।

एनी ज़ैदी एक स्वतंत्र लेखिका के रूप में अखबार और पत्रिकाओं के लिये काम करती हैं और साथ ही लघु कथाएँ, कविता और नाटक भी लिखती हैं।

नाइन डॉट्स प्राइज़ से ऐसे लोगों को पुरस्कृत किया जाता है जो रचनात्मक सोच और विशेष लेखन शैली के ज़रिये आधुनिक मुद्दों पर लेखन कला को प्रोत्साहित करते हैं।

prize

नाइन डॉट्स प्राइज़ ब्रिटेन की चैरिटेबल संस्था कदास प्राइज फाउंडेशन द्वारा दिया जाता है। इस पुरस्कार के अगले विषय के तौर पर 'इज देयर स्टिल नो प्लेस लाइक होम' पर अगला निबंध आमंत्रित किया है। निबंध की शब्द सीमा तीन हजार होगी।

कुदक्रमिया जीनस की ततैया

हाल ही में वैज्ञानिकों ने कुदक्रमिया वंश की ततैया (Wasp from the Genus Kudakrumia) की एक नई प्रजाति की गोवा में पहचान की है।

- इस ततैया को कुदक्रमिया रंगनेकरी (Kudakrumia Rangnekari) नाम दिया गया है। गौरतलब है कि इसका नाम गोवा के एक शोधकर्त्ता पराग रंगनेकर (Parag Rangnekar) के नाम पर रखा गया है।
- भारत में ततैया गोवा और केरल में पाई जाती है और देश के बाहर यह पड़ोसी देश श्रीलंका में भी पाई जाती है।
- अतीत में भी शोधकर्त्ताओं ने 'आदिकेशवुस' नाम की पाँच ततैया प्रजातियों की खोज की है। 'आदिकेशवुस' एक संस्कृत शब्द है जिसका अर्थ 'लंबे बाल वाला पहला' (first one to have long hairs) होता है।

महत्ता

- ततैया पारिस्थितिकी तंत्र में परागण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है।
- ऑर्किड की लगभग 100 प्रजातियाँ परागण के लिये केवल ततैया पर निर्भर रहती हैं।
- ट्रॉपिकल सोशल वास्प, पॉलीबिया पॉलिस्ता (Tropical social wasp, Polybia paulista) के जहर में पाया जाने वाला एक रसायन, विभिन्न प्रकार की कैंसर कोशिकाओं को चुनिंदा रूप से नष्ट करने में सक्षम है।
- कई सोशल वास्प (ततैया) शिकारी भी होती हैं, जिसका अर्थ है कि वे प्रजातियों की एक विस्तृत श्रृंखला की आबादी को नियंत्रित करती हैं। यह विषाक्त कीटनाशकों की आवश्यकता को कम करने के लिये बेहद उपयोगी साबित हो सकती है।

माउंट अगुंग ज्वालामुखी

हाल ही में इंडोनेशिया के बाली द्वीप पर सक्रिय ज्वालामुखी माउंट अगुंग में विस्फोट हो गया।

- माउंट अगुंग (Mount Agung) एक सक्रिय ज्वालामुखी है, जो इंडोनेशिया के बाली द्वीप पर स्थित है। इसे गुनुंग अगुंग (Gunung Agung) के नाम से भी जाना जाता है।
- यह बाली द्वीप का सर्वोच्च स्थान माना जाता है।
- माउंट अगुंग एक जागृत ज्वालामुखी है जिसमें ऐतिहासिक रूप से लगातार विस्फोट होते रहे हैं।

जागृत ज्वालामुखी (StratoVolcano)

- यह ज्वालामुखी लंबा एवं शंक्वाकार होता है जो कठोर लावा, टेफ्रा की पर्तों से मिलकर बना होता है।
- इन ज्वालामुखियों में होने वाले विध्वंसक विस्फोट इनकी प्रमुख विशेषता है।
- इससे निकलने वाले लावा की श्यानता बहुत अधिक होती है, जिस कारण यह ठंडा होने के बाद ज़्यादा कठोर हो जाता है।

- इंडोनेशिया में ऐसी ज्वालमुखी घटनाएँ होना सामान्य बात है। क्योंकि यह देश प्रशांत महासागर के 'रिंग ऑफ फायर' पर स्थित है जहाँ पर विवर्तनिक प्लेटों के आपस में टकराने के फलस्वरूप भूकंपीय और ज्वालमुखी घटनाएँ घटित होना एक सामान्य बात मानी जाती है।
- 75% या 750 से अधिक ज्वालामुखी, रिंग ऑफ फायर पर स्थित हैं और 90% भूकंप इन्ही विवर्तनिक प्लेटों के कारण आते हैं।
- जावा, बाली और कई अन्य इंडोनेशियाई द्वीपों के ज्वालामुखी ऑस्ट्रेलिया और सुंडा टेक्टोनिक प्लेटों के बीच टकराव द्वारा निर्मित हुए हैं।
- सुंडा-जावा ट्रेंच (Sunda-Java Trench) का निर्माण ऑस्ट्रेलिया प्लेट (Australia Plate) एवं सुंडा प्लेट (Sunda Plate) के बीच टकराव से होता है जिसमें ऑस्ट्रेलिया प्लेट सुंडा प्लेट के नीचे आ जाती है।
- ऑस्ट्रेलिया प्लेट जब लगभग 100 मील की गहराई तक पहुँच जाती है, तब यह पिघलने लगती है एवं गर्म और पिघला हुआ पदार्थ सतह से ऊपर की ओर बढ़ने लगता है, जिससे इंडोनेशियाई ज्वालामुखी में विस्फोट हो जाता है।